दिन– शनिवार दिनांक– 11 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों– मुंगेर, बेगूसराय, समस्तीपुर, उजियारपुर और दरभंगा में प्रचार समाप्त। तेरह मई को होगा मतदान।

02. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल पटना में करेंगे रोड–शो। सुरक्षा के किये गये व्यापक प्रबंध।

03. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने नरेन्द्र मोदी सरकार पर बदले की राजनीति करते हुए ईडी और सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों के दुरूपयोग का आरोप लगाया।

04. और, जहानाबाद, गया, औरंगाबाद तथा रोहतास समेत राज्य के दक्षिणी हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश। नवादा में ओलावृष्टि से फसलों की हुयी क्षति।

————————————————————

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों– मुंगेर, बेगूसराय, समस्तीपुर, उजियारपुर और दरभंगा में प्रचार अभियान आज शाम समाप्त हो गया। इन क्षेत्रों में तेरह मई को पंचानवे लाख तिरासी हजार से अधिक मतदाता चार महिला प्रत्याशियों समेत पचपन उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। इस चरण में दो केन्द्रीय मंत्रियों गिरिराज सिंह और नित्यानंद राय की राजनीतिक किस्मत का फैसला होना है। बेगूसराय संसदीय क्षेत्र से गिरिराज सिंह का मुकाबला सीपीआई के अवधेश राय से है, जबकि उजियारपुर से नित्यानंद राय की सीधी टक्कर राजद के आलोक मेहता से है। मुंगेर से जदयू के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह की प्रतिष्ठा दाव पर है। उनका मुकाबला राजद की अनिता देवी से है जो पहली बार चुनाव मैदान में हैं। समस्तीपुर लोकसभा क्षेत्र में लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास की शांभवी चौधरी और कांग्रेस के सन्नी हजारी आमने–सामने हैं। वहीं, दरभंगा से भाजपा के गोपालजी ठाकुर का सीधा मुकाबला राजद के ललित यादव के साथ है।

————————————————————

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के चुनाव प्रचार के अंतिम दिन विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता और स्टार प्रचारकों ने अपने–अपने प्रत्याशियों की जीत

सुनिश्चित करने के लिए पूरी ताकत झोंक दी। बेगूसराय से हमारे संवाददाता ने बताया कि आज एनडीए और इंडी गठबंधन के नेताओं ने जमकर प्रचार किया।

–––रिपोर्ट–––

भाजपा के वरिष्ठ नेता और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज बेगूसराय में पार्टी प्रत्याशी गिरिराज सिंह के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री गृह मंत्री अमित शाह तथा नितिन गडकरी ने भी पिछले दिनों भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार किया था। इधर, इंडी गठबंधन से सीपीआई उम्मीदवार अवधेश राय के पक्ष में राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव और विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी समेत वामपंथी दलों के कई नेताओं ने प्रचार किया। आकाशवाणी समाचार के लिए बेगूसराय से विजय कुमार झा।

उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र में भाजपा से केन्द्रीय मंत्री नित्यानंद राय समेत तेरह उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। वहीं, समस्तीपुर लोकसभा क्षेत्र में बारह उम्मीदवार चुनावी मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

उजियारपुर और समस्तीपुर लोकसभा क्षेत्रों में एनडीए और इंडी गठबंधन के नेताओं ने अपने–अपने प्रत्याशियों के समर्थन में जमकर पसीना बहाया। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उजियारपुर में नित्यानंद राय के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। दूसरी तरफ, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव और वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने राजद उम्मीदवार आलोक मेहता के पक्ष में विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी रैलियों को संबोधित किया। इधर, समस्तीपुर में आज कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी उम्मीदवार सन्नी हजारी के पक्ष में चुनावी रैली की। लोकजनशक्ति पार्टी–रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान ने समस्तीपुर से पार्टी उम्मीदवार शांभवी चौधरी के पक्ष में रैली और रोड–शो किया। आकाशवाणी समाचार के लिए समस्तीपुर से कृष्ण कुमार।

दरभंगा संसदीय क्षेत्र में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन एनडीए और इंडी गठबंधन के अलावा निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी जमकर चुनाव प्रचार किया। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

दरभंगा में चुनाव प्रचार का शोर थमने के बाद अब प्रत्याशी और उनके समर्थक घर–घर जनसंपर्क अभियान चलाकर मतदाताओं से समर्थन का अनुरोध कर रहे हैं। प्रचार के अंतिम दिन राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने पार्टी उम्मीदवार ललित यादव के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले दिनों पार्टी प्रत्याशी गोपालजी ठाकुर के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित किया था। इधर, मतदान को लेकर प्रशासनिक तैयारी भी पूरी कर ली गयी है। जिलाधिकारी राजीव रौशन ने बताया कि मतदान के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए दरभंगा से मणिकांत झा।

मुंगेर लोकसभा क्षेत्र में भी इंडी गठबंधन और एनडीए के प्रत्याशियों के समर्थन में स्टार प्रचारकों ने जमकर चुनाव प्रचार किया। ब्योरा हमारे संवाददाता से––

–––रिपोर्ट–––

मुंगेर में एनडीए उम्मीदवार राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के पक्ष में भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चुनावी सभा को संबोधित किया। वहीं, राजद उम्मीदवार कुमारी अनिता के पक्ष में भी नेताओं ने जमकर पसीना बहाया। आज प्रचार के अंतिम दिन राजद उम्मीदवार के समर्थन में पार्टी के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव और वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने दो–दो जनसभाओं को संबोधित किया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने भी आज लखीसराय में जदयू उम्मीदवार के पक्ष में वोट की अपील की। प्रत्याशियों ने रोड–शो भी किये। इस संसदीय क्षेत्र में मुख्य मुकाबला एनडीए और इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों के बीच माना जा रहा है। आकाशवाणी समाचार के लिए मुंगेर से प्रशांत कुमार सिंह।

——————————————————————

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने नरेन्द्र मोदी सरकार पर बदले की राजनीति करते हुए ईडी और सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को निशाना बनाने का आरोप लगाया है। श्री खड़गे आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने केंद्रीय एजेंसियों का दुरूपयोग करते हुए कई मुख्यमंत्रियों को जेल भेजा।

———बाईट———

संवाददाता सम्मेलन को राजद के वरिष्ठ नेता मनोज झा और भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने भी संबोधित किया।

——————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल पटना में रोड शो करेंगे। श्री मोदी पटना साहिब से पार्टी प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद और पाटलिपुत्र से पार्टी उम्मीदवार रामकृपाल यादव के पक्ष में वोट की अपील करेंगे। भाजपा नेता नितिन नवीन ने बताया कि प्रधानमंत्री का रोड शो शाम पाँच बजकर तीस मिनट पर डाकबंगला चौराहा से शुरू होगा।

———बाईट———

प्रधानमंत्री सोमवार को पटना साहिब स्थित तख्तश्री हरिमंदिर साहिब में मत्था टेकेंगे। इसके बाद उनका हाजीपुर, सारण और मुजफ्फरपुर में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित करने का कार्यक्रम है। इधर, प्रधानमंत्री के रोड शो को लेकर राजधानी पटना में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

——————————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रोड–शो पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वे डरे हुए हैं क्योंकि बिहार इस बार चौंकाने वाला परिणाम देगा।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और प्रदेश प्रवक्ता बिनोद शर्मा ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। पत्रकारों से बातचीत में श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने राजद के सामने घुटने टेक दिये हैं। साथ ही उन्होंने कन्हैया कुमार को उत्तर–पूर्वी दिल्ली से उम्मीदवार बनाए जाने पर भी सवाल उठाया।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

और अब सुनते है राज्य के संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों के राजनीतिक परिदृश्य पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृंखला। आज बात वैशाली लोकसभा सीट की। वैशाली बिहार के उन आठ संसदीय निर्वाचन– क्षेत्रों में से एक है, जहां छठे चरण में पच्चीस मई को मतदान होना है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

लोकतंत्र की जननी कहे जाने वाले वैशाली अपने गौरवशाली ऐतिहासिक विरासत के साथ साथ समृद्ध राजनीतिक परंपराओं की लिए भी जाना जाता है। वर्ष 1977 में अस्तित्व में आया वैशाली लोकसभा क्षेत्र मुजफ्फरपुर जिले के पांच और वैशाली जिले के एक विधानसभा क्षेत्र से मिलकर बना है। वैशाली के पहले सांसद जनता पार्टी के दिग्विजय नारायण सिंह थे। बाद में यह राष्ट्रीय जनता दल का गढ़ बना गया। समाजवादी नेता रघुवंश प्रसाद सिंह ने पांच बार यहां से जीत दर्ज की । वर्तमान में यहां की सांसद लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास की वीणा देवी हैं। लोजपा में टूट के बाद वीणा देवी पशुपति कुमार पारस गुट की राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी में चली गईं। हालांकि बाद में वे चिराग पासवान के नेतृत्व वाले गुट लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास में आ गईं। एन डी ए में सीट बंटवारे के तहत यह सीट लोजपा, रामविलास के खाते में आई और पार्टी ने एक बार फिर निवर्तमान सांसद वीणा देवी पर भरोसा जताते हुए उन्हें ही मैदान में उतारा है। उनके सामने हैं इंडी गठबंधन से राजद के विजय कुमार शुक्ला उर्फ मुन्ना शुक्ला। श्री शुक्ला की गिनती दबंग छवि वाले राजनेताओं में होती है और वे लालगंज विधानसभा क्षेत्र का लगातार तीन बार प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इस बार के चुनाव में वैशाली सीट से कुल 15 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं लेकिन मुख्य मुकाबला लोजपा, रामविलास की वीणा देवी और राजद के मुन्ना शुक्ला के बीच ही है। विधानसभावार स्थिति देखें तो 6 में से 4 सीटों पर एन डी ए और दो सीट पर राजद का कब्जा है। बरूराज, पारू और साहेबगंज सीट पर भाजपा तथा वैशाली सीट पर जद यू के विधायक हैं। वहीं, मीनापुर और कांटी सीट राजद के कब्जे में है। पयर्टन की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण वैशाली का अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकास नहीं हो पाना, क्षेत्र में गुणवतापूर्ण महाविद्यालयों की कमी, खेल मैदानों का अभाव, बेरोजगारी और महंगाई जैसे विषय इस चुनाव में आम जनता के मुद्दे हैं। लेकिन स्थानीय मुद्दों के अलावा राष्ट्रीय मुद्दे और सामाजिक समीकरणों की बदौलत दोनों गठबंधन के उम्मीदवार अपनी अपनी जीत सुनिश्चित करने में लगे हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्षेत्र के 18 लाख से अधिक मतदाता लोजपा, रामविलास की वीणा देवी पर दोबारा अपना विश्वास जताते हैं या राजद के मुन्ना शुक्ला के लिए पहली बार लोकसभा का रास्ता खुलता है। आकाशवाणी समाचार के लिए वैशाली से मनोज कुमार सिंह।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

राज्य के दक्षिणी हिस्सों गया, जहानाबाद, नवादा, शेखपुरा, अरवल, भोजपुर, रोहतास और जमुई जिले में कुछ स्थानों पर आज तेज हवा के साथ हल्की से मध्यम स्तर की बारिश हुयी है। नवादा में कई जगहों पर ओलावृष्टि होने से फसलों को काफी क्षति हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक कमल सिंह गुप्ता ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पश्चिम और दक्षिणी हिस्सों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना बनी हुयी है।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

01. लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों– मुंगेर, बेगूसराय, समस्तीपुर, उजियारपुर और दरभंगा में प्रचार समाप्त। तेरह मई को होगा मतदान।

02. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल पटना में करेंगे रोड–शो। सुरक्षा के किये गये व्यापक प्रबंध।

03. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने नरेन्द्र मोदी सरकार पर बदले की राजनीति करते हुए ईडी और सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों के दुरूपयोग का आरोप लगाया।

04. और, जहानाबाद, गया, औरंगाबाद तथा रोहतास समेत राज्य के दक्षिणी हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश। नवादा में ओलावृष्टि से फसलों की हुयी क्षति।

––––––––––––––––––––––––––––––––

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।